विद्याभवन, बालिका विद्यापीठ, लखीसराय

विषय-हिंदी ***दिनांक-28/06/2020***
वर्ग-तृतीय ***वर्ग-शिक्षिका— नीतू कुमारी***
पाठ-8 (ऊटी से पत्र)

सुप्रभात बच्चों,
पिछली कक्षा में आपको प्रश्नावली हल करके दिया गया था। हमें पूर्ण विश्वास है की उसे आपने अपनी वर्ग-कार्य कॉपी में लिख लिया होगा तथा पूरे मनोयोग से पढ़े होंगे। आज कि कक्षा में आपको 'ऊटी से पत्र' कहानी का अध्ययन करना है। जो कि इस प्रकार है। :—-

क्लब रोड
ऊटी
12 अप्रैल 20…..
प्रिय मित्र रोहन
नमस्ते।
तुम्हारा पत्र मिला। गरमियों की छुट्टियों में तुम ऊटी घूमने आ रहे हो, यह जानकार प्रसन्नता हुई। जानते हो, ऊटी का नाम 'उदकमंडलम' भी है। यह नीलगिरी की पहाड़ियों पर बसा एक सुंदर पर्वतीय स्थल (हिल स्टेशन) है। सर्दियों के अलावा बाक़ी महीनों में यहाँ का मौसम सुहावना रहता है। पूरे भारत से लोग यहाँ घूमने आते रहते हैं।
ऊटी आने के लिए और इसके आसपास घूमने के लिए बसें और टैक्सियाँ आसानी से मिल जाती हैं। वैसे इस शहर में पैदल घूमना ही अच्छा लगता है।

आज के लिए इतना ही, शेष अगली कक्षा में।
दी गयी अध्ययन सामग्री पढ़ें तथा समझने का प्रयास करें।

गृहकार्य :—

बच्चों इस पाठ से कठिन शब्द निकालकर लिखें।